# <u>बिहार विद्यालय परीक्षा समिति</u>

<u>विज्ञप्ति संख्या– PR....99...../2026</u>

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई में कक्षा–11वीं (सत्र 2026–28) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा–2026 में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थियों/उनके अभिभावक के लिए आवश्यक सूचना।**

प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के पत्रांक–SAV/April-2026/119, दिनांक 20.04.2026 के द्वारा सूचित किया गया है कि कक्षा 11वीं में 120 सीटों के विरुद्ध नामांकन हेतु विद्यालय में अद्यतन 104 सीट रिक्त है। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10/सिमु०–07/2022–796 अनु०, दिनांक 24.05.2023 के माध्यम से संसूचित किया गया है कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों के विरुद्ध नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की सहमति दी गई है। बिहार सरकार द्वारा संस्थापित सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा 11वीं (सत्र 2026–28) में नामांकन हेतु योग्य अभ्यर्थियों/अभिभावकों, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाइन (Online) माध्यम से आमंत्रित किए जाते है। प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के पत्रांक SAV/April-2026/119, दिनांक 20.04.2026 के माध्यम से संसूचित संकायवार एवं आरक्षण कोटिवार कुल रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र० स० | कोटि | छात्र | | | | छात्रा | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विज्ञान | कला | वाणिज्य | कुल | विज्ञान | कला | वाणिज्य | कुल |
| 1 | *अनारक्षित (UR)* | 06 | 08 | 08 | 22 | 05 | 08 | 08 | 21 |
| 2 | *आर्थिक रूप से कमजोर (EWS)* | 02 | 02 | 02 | 06 | 02 | 01 | 02 | 05 |
| 3 | *अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC)* | 03 | 04 | 03 | 10 | 02 | 04 | 03 | 09 |
| 4 | *पिछड़ा वर्ग (BC)* | 02 | 02 | 03 | 07 | 01 | 02 | 02 | 05 |
| 5 | *पिछड़ा वर्ग की महिला (BC Femle)* | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 02 |
| 6 | *अनुसूचित जाति (SC)* | 03 | 03 | 03 | 09 | 00 | 03 | 03 | 06 |
| 7 | *अनुसूचित जनजाति (ST)* | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| | कुल | **17** | **19** | **19** | **55** | **11** | **19** | **19** | **49** |

2. **दिव्यांग कोटि (Differently Abled) :–** सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा समय–समय पर निर्गत निदेश के आलोक में दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को 5% क्षैतिज आरक्षण का लाभ देय है। चयनित छात्र/छात्राओं का विकलांगता का स्तर 40 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक की आयु 1 मार्च, 2026 को न्यूनतम 14 वर्ष एवं अधिकतम 17 वर्ष होनी चाहिए ।
4. आवेदक बिहार राज्य का निवासी होना चाहिए। साथ ही, आवेदक को बिहार में अवस्थित सक्षम प्राधिकार से मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय से कक्षा 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए ।
5. परीक्षा आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किए जाएँगे। किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन माध्यम को छोड़कर अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार्य नहीं किए जाएँगे।
6. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क <u>**दिनांक 08.05.2026 से 14.05.2026**</u> तक स्वीकार किए जाएँगे।
7. <u>**परीक्षा शुल्क :–**</u>

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग | 960/– |
| (ख) | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग | 760/– |

\online sav-xi\sav xi 2026-28\advertisement draft for xi 2026.doc

8. ऑनलाइन आवेदन करने की विधि– छात्र/छात्रा/अविभावक समिति के वेबसाइट **https://www.biharsimultala.com** के माध्यम से अवेदन भरेंगे। अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक अभ्यर्थी का विवरण (नाम, पिता नाम, जन्मतिथि, जाति कोटि इत्यादि) शुद्ध–शुद्ध भरेंगे। किसी भी त्रुटिपूर्ण विवरण अपलोड करने के लिए अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक स्वयं दोषी होंगे तथा उनका आवेदन–पत्र रद्द कर दिया जाएगा। भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अभ्यर्थी/उनके अभिभावक निकालकर उस पर अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से अग्रसारित कराकर सुरक्षित रख लेंगे। अभ्यर्थी नामांकन हेतु चयन होने पर अग्रसारित आवेदन पत्र को संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी से अग्रसारित करा कर नामांकन के समय प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई को अनिवार्य रूप से समर्पित करेंगे। अन्यथा नामांकन बाधित हो सकता है।

9. परीक्षा आवेदन–पत्र समिति के वेबसाइट पर भरने एवं परीक्षा शुल्क के भुगतान करने की विधि क्रमवार निम्नवत् है :–

1. **Visit : https://www.biharsimultala.com → 2. Home Page → 3. Register New Candidate → 4. Login → 5. Fill Application Form → 6. Upload Photo & Signature → 7. Save & Preview Application Form → 8. Edit or Make Payment → 9. Submit → 10. Print Application.**

9.1 **छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन करने के संबंध में :–** सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, 2026 के आवेदन पत्र में रंगीन फोटो (अद्यतन) एवं हस्ताक्षर निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

i. रंगीन फोटो का साईज एवं प्रकार :
Image Size : 35mm × 30 mm का हो। (20–100 KB) के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो।
Head Size/Face Size : 25 mm × 20 mm (approx 60 % to 70%)
Background : Plain White or Light Green

ii. स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width × 1.5 cm height) में हो तथा आकार 10–50 KB से अधिक न हो।

9.2 **प्रमाण पत्रों को अपलोड करना :–**

i. मैट्रिक (10 th) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र (जन्म तिथि के लिए) ।
ii. आवासीय प्रमाण पत्र।
iii. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र ।
iv. अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमिलेयर रहित अद्यतन प्रमाण पत्र (आरक्षण का दावा करने वाली विवाहित महिलाओं की जाति/अद्यतन क्रीमिलेयर रहित प्रमाण पत्र उनके पिता के नाम एवं पता से निर्गत होना चाहिए न कि उनके पति के नाम से)।
v. दिव्यांगता का दावा करने की स्थिति में विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत तत्संबंधी प्रमाण पत्र।

9.3 **परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रक्रिया :–** ऑनलाइन आवेदन–पत्र Save करने के पश्चात Preview button क्लिक कर Form जाँच कर लेंगे। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो Edit detail पर क्लिक कर त्रुटि सुधार कर लेंगे। इसके पश्चात् Save कर लेंगे। इसके बाद Payment button पर क्लिक कर Payment Gateway का चयन कर Debit Card/Credit Card/Net Banking/UPI के माध्यम से परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क की राशि भुगतान किया जाए। अभ्यर्थी/उनके अभिभावक भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता

से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में परीक्षा शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9.4 ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र समिति के वेबसाइट पर भरने के पश्चात अभ्यर्थी के मोबाइल पर आवेदन संख्या भेजा जाएगा और अभ्यर्थी का मोबाइल नम्बर यूजर आई०डी० होगा। यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी/अविभावक भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाए रखे। **इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे।**

10. **प्रवेश परीक्षा** :– पूर्णतः वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्नों पर आधारित होगी। परीक्षा ऑनलाइन विधि से ली जाएगी, जिसके प्रश्नों की संख्या 120 होगी। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक प्रदान किए जाएगे। यह परीक्षा 2 घंटे 15 मिनट की होगी। इसमें 15 मिनट का समय "Cool off" समय होगा तथा अभ्यर्थियों को प्रश्नोत्तर हेतु 2 घंटे का समय उपलब्ध होगा।

**प्रवेश परीक्षा विषय का विवरण निम्नवत् है, जिसका पाठ्यक्रम का स्तर दसवीं आधारित होगा।**

| प्रवेश परीक्षा | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | विषय | अंक |
| 01 | गणित | 30 |
| 02 | विज्ञान | 30 |
| 03 | अंग्रेजी | 30 |
| 04 | बौद्धिक क्षमता | 30 |
| | कुल अंक | 120 |

11. **अर्हतांक** : सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–2374 दिनांक 16.07.2007 तथा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के संलग्न संख्या– ज्ञापांक 11/आ०नि०–।–06/2017 सा०प्र० 962 पटना–15, दिनांक 22.01.2021 के आलोक में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निर्धारित न्यूनतम अहर्तांक निम्नवत् होगा :–

| क्र.सं. | कोटि | अर्हतांक |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य | **40%अंक** |
| 2. | पिछड़ा वर्ग | **36.5% अंक** |
| 3. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | **34% अंक** |
| 4. | अनु०जाति/अनु०जनजाति/महिला वर्ग/दिव्यांग | **32% अंक** |

12. प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर तैयार कोटिवार मेधासूची से कोटिवार छात्र/छात्रा वार रिक्तियों की संख्या के 05 (पाँच) गुणकों में कोटिवार अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त के पश्चात् विद्यालय द्वारा काउंसेलिंग (Counselling) के माध्यम से मेधाक्रम, आरक्षण कोटि एवं रिक्ति के आधार पर नामांकन की कार्रवाई की जाएगी ।

13. **नॉर्मलाइजेशन (Normalization) :–** अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में प्रवेश परीक्षा एक से अधिक पालियों (Sittings)/तिथियों (Dated) में आयोजित की जा सकती है । वैसी स्थिति में अलग–अलग पालियों में अलग–अलग प्रश्न पत्रों के अलग–अलग कठिनाई स्तर होने के कारण परीक्षाफल तैयार करने के क्रम में Normalization की विधि का प्रयोग किया जा सकता है, ताकि किसी भी विशेष पाली के किसी भी अभ्यर्थी को कोई खास लाभ या हानि नहीं हो ।

14. प्रवेश परीक्षा में समान अंक वाले अभ्यर्थियों में से अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को अधिमान देते हुए मेधा सूची में शामिल किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में समान प्राप्तांक एवं समान जन्मतिथि होने की स्थिति में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में अधिक प्राप्तांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा, माध्यमिक परीक्षा के प्राप्तांक समान होने एवं जन्मतिथि समान होने की स्थिति में लॉटरी (Lottery) के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

15. प्रवेश परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर तैयार कोटिवार मेधा सूची से मेधा क्रम में छात्र/छात्राओं को नामांकन के पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा, जिसमें सफल होने के उपरांत ही उन्हें प्रवेश की स्वीकृति दी जाएगी।

16. प्रवेश परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों को नामांकन के समय जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षित कोटि के दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए) आवासीय प्रमाण–पत्र, जन्मतिथि प्रमाण–पत्र, निःशक्तता प्रमाण–पत्र (निःशक्तता कोटि का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए), विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र, बैंक खाता की छायाप्रति, माता–पिता के आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा नामांकन का दावा निरस्त कर दिया जाएगा।

17. उक्त परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के विवाद का मामला केवल उच्च न्यायालय, पटना के क्षेत्राधिकार में होगा।

18. इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

19. उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए **हेल्प लाईन नम्बर : 9430429722 एवं 0612–2232239** पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा किसी प्रकार की सूचना ई–मेल आई०डी० **bseb@antiersolutions.com** पर भेजा जा सकता है।

20. **अन्तिम रूप से आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त आवेदन से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।**

परीक्षा नियंत्रक (विविध),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

ज्ञापांक : के०वि०.....241/2026 पटना, दिनांक : 07/05/2026

प्रतिलिपिः जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. Project Manager, M/S Antier Solutions Private Limited, को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में अग्रेतर कार्यार्थ प्रेषित।
3. निदेशक/डी०डी०आई०टी०(विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के B.S.Ex.B.Mobile App पर डाल दिया जाए तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए।
4. वित्त पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में संबंधित बैंक को परीक्षा आवेदन शुल्क जमा करने हेतु निर्देश दिया जाए।
5. शाखा प्रबंधक, HDFC BANK, Ground and 1st Floor, Sheohar Sadan, Opp Patna Radio Station, Frazer Road, Patna-800001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. प्रभारी प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

f:\online sav-xi\sav xi 2026-28\advertisement draft for xi 2026.doc

8. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
9. निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
10. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

07/5/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।